बिहार सरकार

श्री नीतीश कुमार
माननीय मुख्यमंत्री, बिहार

श्री सम्राट चौधरी
माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार

श्री विजय कुमार सिन्हा
माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार

हरि सहनी
माननीय मंत्री
पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार

वार्षिक प्रतिवेदन

उपलब्धि 2024-25

कार्यक्रम 2025-26

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, सहरसा का उद्घाटन

माननीय मुख्यमंत्री द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, नालंदा का उद्घाटन

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग
बिहार सरकार

वार्षिक प्रतिवेदन

उपलब्धि 2024-25

कार्यक्रम 2025-26

बिहार सरकार

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग

हरि सहनी
माननीय मंत्री
पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग
कल्याण विभाग, बिहार

बिहार सरकार

संदेश

राज्य सरकार द्वारा राज्य के पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लोगों को सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक रूप से सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं को मूर्त रूप देने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2007–08 में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का गठन किया गया है।

विभागीय संकल्प संख्या–1697, दिनांक–02.10.2021 एवं विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–1698, दिनांक–02.10.2021 द्वारा विभाग अंतर्गत निदेशालय के गठन हेतु पदाधिकारियों/कर्मियों के 26 पदों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में पदाधिकारियों/कर्मियों के 420 पदों सहित कुल 446 पदों के सृजन की स्वीकृति स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय के अंतर्गत प्रदान की गयी है।

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा इस वर्ग के सभी छात्र/छात्राओं को विद्यालय से जोड़ने एवं इनकी प्रारंभिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य के सरकारी, सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त तथा स्थापना प्रस्वीकृत विद्यालयों में कक्षा–I से X तक अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 से राज्य योजना के अंतर्गत राज्य के सरकारी विद्यालय, सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त तथा स्थापना प्रस्वीकृत विद्यालयों में कक्षा–I से X तक अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को आच्छादित करने हेतु ''मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना'' की स्वीकृति तथा योजना का संचालन शिक्षा विभाग के माध्यम से किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में योजनान्तर्गत अब तक राशि रू0 87500.00 लाख (रू0 आठ सौ पचहत्तर करोड़) मात्र स्वीकृत की गयी है।

उच्च शिक्षा (कक्षा 10वीं से ऊपर) के क्षेत्र में इस वर्ग के छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहित करने एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति की व्यवस्था है। इससे पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को इंजीनियरिंग, मेडिकल, मैनेजमेंट, कानून एवं अन्य पाठ्यक्रमों को पूरा करने का अवसर मिलेगा एवं उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उनकी भागीदारी बढ़ेगी। वित्तीय वर्ष 2018–19 से छात्रवृत्ति की राशि शिक्षा विभाग के माध्यम से दिया जा रहा है। पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को उच्च शिक्षा एवं तकनीकी शिक्षा विशेषकर व्यवसायिक कोर्सों हेतु छात्रवृत्ति प्रदान करने के उद्देश्य से विभागीय संकल्प संख्या–673 दिनांक–23.03.2023 द्वारा वित्तीय वर्ष 2022–23 से राज्य के अन्दर अवस्थित

सभी सरकारी एवं मान्यता प्राप्त गैर सरकारी संस्थानों में प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को छात्रवृति प्रदान करने हेतु पूर्ववर्ती केन्द्र प्रायोजित अन्य पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के स्थान पर राज्य योजना के तहत ''मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना–2023'' के संचालन एवं दिशा–निर्देश तथा योजना का संचालन शिक्षा विभाग के माध्यम से कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। ''मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना–2023'' के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 में अब तक कुल राशि रू0 22678.00 लाख की स्वीकृति दी गयी है।

वित्तीय वर्ष 2008–09 से अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए मुख्यमंत्री अत्यन्त पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना एवं वित्तीय वर्ष 2015–16 से पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना जैसी महत्वाकांक्षी योजनाएँ प्रारंभ की गयी हैं। मुख्यमंत्री अत्यन्त पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना के तहत प्रत्येक वर्ष बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित माध्यमिक (10वीं) परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने वाले अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को एकमुश्त ₹10,000/– (रूपये दस हजार) मात्र की वृत्तिका दी जाती है। मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना के तहत वार्षिक पारिवारिक आय ₹1,50,000/– (रूपये एक लाख पचास हजार) मात्र तक के छात्रों को भी मुख्यमंत्री अत्यन्त पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना की तरह ही एकमुश्त ₹10,000/– की वृत्तिका दी जाती है। वित्तीय वर्ष 2017–18 से इस योजना के तहत छात्रवृत्ति का भुगतान शिक्षा विभाग के माध्यम से किया जा रहा है।

वित्तीय वर्ष 2015–16 में राज्य स्कीम के तहत पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को यू0पी0एस0सी0/बी0पी0एस0सी0 एवं अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी निःशुल्क कराने के उद्देश्य से प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण योजना शुरू की गयी, जिसके अन्तर्गत प्रति केन्द्र 120 प्रतियोगियों को प्रतियोगिता परीक्षा की निःशुल्क तैयारी करायी जाती है। प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण योजनान्तर्गत पात्रता की शर्तों के तहत वार्षिक आय अधिसीमा को रू0 1.00 लाख से बढ़ाकर रू0 3.00 लाख किया गया है एवं वर्तमान में राज्य में सभी 38 केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। प्रति केन्द्र रू० 2.50 लाख की दर से सभी केन्द्रों में डिजिटल अध्ययन केन्द्र की स्थापना की स्वीकृति प्रदान की गई है। उक्त केंद्रों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु पाठ्य सामग्री के क्रय के लिए प्रति छात्र/छात्रा रु0 3000/– की दर से अनुदान प्रदान किया जाता है।

मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण योजनान्तर्गत पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को व्यवसायिक पाठ्यक्रमों यथा–प्रबंधन, विधि आदि की तैयारी एवं संबंधित रोजगारपरक प्रतियोगी परीक्षाओं तथा उच्च शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति में भागीदारी बढ़ाने हेतु निःशुल्क तैयारी करायी जाती है। वित्तीय वर्ष 2021–22 से अब तक कुल 10 केन्द्रों की स्वीकृति दी गई है। उक्त केंद्रों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु पाठ्य सामग्री के क्रय के लिए प्रति छात्र/छात्रा रु0 3000/– की दर से प्रदान किया जाता है एवं साथ ही स्मार्ट क्लास की भी सुविधा उपलब्ध है।

पूर्व से 11 जिलों में संचालित कुल 12 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2023–24 से राज्य के शेष 27 जिलों में एक–एक अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय का संचालन प्रारम्भ किया गया है। उक्त आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा के साथ–साथ निःशुल्क आवासन, भोजन, पाठ्यपुस्तक, वस्त्र आदि प्रदान किया जाता है।

सभी विद्यालयों में भवनों को 520 आवासन क्षमता के अनुरूप निर्मित/विस्तारित करने की संकल्पना के तहत अबतक 37 जिलों में 520 आवासन क्षमता वाले 38 आवासीय विद्यालयों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। राज्य के 15 जिलों में विद्यालय भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका है। दरभंगा जिला में 280 आवासन क्षमता वाले निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है।

पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राएँ, जो शहर में रहकर शिक्षा ग्रहण करने में समर्थ नहीं हैं, के लिए जिला स्तर पर अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास संचालित की जा रही है। पूर्व से 24 जिला में निर्मित 27 अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावासों के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2021–22 में राज्य के 8 जिलों में कुल 10 छात्रावास एवं वित्तीय वर्ष 2022–23 में राज्य के 7 जिलों में कुल 7 अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास के निर्माण की स्वीकृति राज्य योजना के तहत प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृतियों के फलस्वरूप अब सभी जिलों में अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास संचालित होंगे।

इसी प्रकार अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना कार्यान्वित की जा रही है। राज्य के सभी 38 जिलों में जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है।

''मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कौशल विकास योजना'' पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लोगों के बेरोजगारी दूर करने एवं जीवन स्तर ऊपर उठाने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2017–18 से संचालित है। इस योजना के तहत श्रम संसाधन विभाग द्वारा अनुशंसित प्रशिक्षण केन्द्रों पर विभिन्न ट्रेडों में कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। वित्तीय वर्ष 2021–22 तक 4162 प्रशिक्षणार्थी का प्रशिक्षण पूर्ण हो गया है। इस योजना से पिछड़े वर्गों एवं अत्यंत पिछड़े वर्गों के सदस्यों का आर्थिक एवं सामाजिक उन्नयन के साथ–साथ राज्य के आर्थिक विकास में उनकी भागीदारी बढ़ेगी।

वित्तीय वर्ष 2018–19 से तीन महत्वपूर्ण योजनाओं यथा– मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास अनुदान योजना तथा छात्रावासों में खाद्यान्न आपूर्ति योजना का संचालन प्रारंभ किया गया।

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना एवं संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा (PT) में उत्तीर्ण होने वाले अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी को आर्थिक कठिनाईयों के कारण मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए प्रतिष्ठित संस्थानों से कोचिंग/पर्याप्त मार्गदर्शन एवं उपयोगी पुस्तक क्रय करने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2018–19 से मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई है। योजना के अन्तर्गत बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा (PT) तथा संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली द्वारा आयोजित सिविल सेवा प्रतियोगिता परीक्षा की प्रारंभिक परीक्षा (PT) में उत्तीर्ण होने वाले अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों को अग्रेत्तर तैयारी हेतु एकमुश्त क्रमशः रू0 50000/–(रूपये पचास हजार) तथा रू0 100000/– (रूपये एक लाख) प्रदान किया जाता है। वर्ष 2023–24 में विभागीय संकल्प संख्या–155, दिनांक–24.01.2024 के द्वारा उक्त योजना को विस्तारित करते हुए इस योजना के तहत पूर्व से सम्मिलित परीक्षाओं के अतिरिक्त संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली, केन्द्रीय कर्मचारी चयन आयोग, विभिन्न राज्यों के लोक सेवा आयोग, विभिन्न बैकिंग सेवा भर्ती बोर्ड/आई0बी0पी0एस0, विभिन्न रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा आयोजित प्रतियोगिता प्रारंभिक परीक्षा को सम्मलित करते हुए उक्त परीक्षाओं में उतीर्ण होने वाले राज्य के अत्यंत पिछड़े वर्ग के अभ्यर्थियों को रू0 30,000/– से रू0 1,00,000/– तक

प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की गई है। अब तक इस योजनान्तर्गत 6170 छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किया गया है।

पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक एवं उच्च शिक्षा दर में वृद्धि करने के उद्देश्य एवं छात्रावास संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास अनुदान योजना एवं छात्रावासों में खाद्यान्न आपूर्ति योजना शुरू की गयी है, जिसके अन्तर्गत पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावासों में आवासित छात्र/छात्राओं को प्रति छात्र/छात्रा क्रमशः रू0 1000/– (रूपये एक हजार) प्रतिमाह की दर से छात्रावास अनुदान एवं प्रति माह 15 किलो ग्राम की दर से खाद्यान्न (9 किलो ग्राम चावल एवं 6 किलो ग्राम गेहूँ) की आपूर्ति डोर स्टेप डिलीवरी योजना–2016 के तहत की जाती है। योजनान्तर्गत औसतन लगभग पाँच हजार छात्र/छात्राओं को प्रतिमाह लाभान्वित किया जा रहा है।

पिछड़े वर्ग एवं अत्यंत पिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में किये गये कार्यों से संबंधित मुख्य उपलब्धियाँ निम्नरूपेण हैं:–

क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए अनुमंडल पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारियों के सृजित कुल 139 पदों के विरूद्ध 130 अनुमंडल पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है।

विभाग अन्तर्गत संचालित अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय के लिए कुल 903 शैक्षणिक पदों के विरूद्ध 561 पदों पर नियुक्ति की गयी है। शेष पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई की जा रही है।

विभाग अन्तर्गत सभी छात्रावासों को गुणवत्तापूर्ण एवं पेशेवर रूप से संचालित किये जाने हेतु कुल–91 छात्रावास प्रबंधक के पदों का सृजन किया गया है। उक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु अधियाचना बिहार राज्य तकनीकी सेवा आयोग को प्रेषित है।

वर्तमान में 20 जिलों में कुल 23 अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान वर्ष में 06 जिलों यथा–नवादा, गोपालगंज, नालंदा, बक्सर, सहरसा एवं पूर्णियाँ में कुल 07 अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नवादा जिला में दो छात्रावास (रजौली एवं बुधौल) का निर्माण किया गया है।

सभी जिलों में 100 आवासन क्षमता वाले एक–एक जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास, पटना में स्थापित जननायक पुस्तकालय एवं राज्य डिजिटल अध्ययन केन्द्र में यू0पी0एस0सी0 एवं बी0पी0एस0सी0 की तैयारी हेतु नये बैच की शुरूआत की गयी है।

वर्तमान वर्ष में मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण योजनान्तर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों में शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग की भागीदारी में वृद्धि के उद्देश्य से संबंधित प्रतियोगिता परीक्षाएँ यथा–NET, GATE, JRF (CSIR), Ph.D, M.Phil आदि की निःशुल्क तैयारी कराने हेतु मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में एक ''व्यवसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केन्द्र'' संचालन शुरू किया गया है।

मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजनान्तर्गत वर्तमान वित्तीय वर्ष में कुल 2276 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसके आलोक में प्रोत्साहन राशि स्वीकृत/वितरित करने की कार्रवाई की जा रही है।

520 आवासन क्षमता वाले कुल 15 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त दरभंगा जिला में 280 आवासन क्षमता वाले आवासीय विद्यालय का निर्माण किया गया है।

पिछड़े वर्ग एवं अत्यंत पिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु राज्य सरकार के द्वारा निम्नांकित नई पहल किए गए हैं:–

विभागीय संकल्प संख्या–1769 दिनांक–21.11.2024 के द्वारा सभी अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में बेहतर एवं सुदृढ़ सेवा प्रदान करने तथा आवश्यक सुविधाओं को उत्तम बनाने हेतु राज्य के सभी अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में आवासित छात्राओं को भोजन (जलपान सहित) आदि की व्यवस्था, पोशाक की आपूर्ति, विद्यालय परिसर की साफ–सफाई तथा वस्त्रों की धुलाई की सेवा का कार्य बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) द्वारा संपोषित सामुदायिक संगठन के माध्यम से किये जाने की स्वीकृति दी गयी है। 15 जिलों में 520 आवासन क्षमता वाले आवासीय विद्यालय का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। इसके अतिरिक्त दरभंगा जिला में 280 आवासन क्षमता वाले आवासीय विद्यालय भवन निर्मित है।

वित्तीय वर्ष 2023–24 में पूर्णियाँ, रोहतास, समस्तीपुर एवं दरभंगा जिला तथा वित्तीय वर्ष 2024–25 में नवनिर्मित 12 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों के छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु समकालीन गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से उक्त आवासीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास के अधिष्ठापन तथा आवश्यक सामग्रियों के क्रय हेतु प्रति विद्यालय रू० 11,75,000/– की दर से कुल राशि रू० 1,88,00,000/– की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इन विद्यालयों के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2024–25 में नवनिर्मित 12 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में कम्प्यूटर प्रयोगशाला हेतु प्रति विद्यालय रू० 31,45,000/– की दर से कुल राशि रू० 3,77,40,000/– की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा समस्तीपुर, दरभंगा, रोहतास, पूर्णियाँ एवं मुंगेर में कौशल प्रशिक्षण केन्द्र में 11वीं कक्षा के छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत भाषा कौशल, संवाद कौशल एवं बेसिक कम्प्यूटर ज्ञान का प्रशिक्षण दिये जाने हेतु सहमति दी गयी है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 से संबंधित भावी कार्यक्रम निम्नरूपेण हैं:–

पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए संचालित मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति राशि में वृद्धि किया जाना।

प्रमंडल स्तर पर सरकारी/संगठित निजी क्षेत्र में कार्यरत पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए छात्रावास का निर्माण किया जाना।

अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में 11वीं एवं 12वीं के छात्राओं को मेडिकल, इंजीनियरिंग, CLAT, CUET आदि परीक्षाओं की तैयारी चयनित शिक्षकों के माध्यम से कराया जाना।

नवनिर्मित 520 आवासन क्षमता वाले 11 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर विद्यालयों का संचालन कराना एवं नवनिर्मित भवन में आवश्यक संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित कराना है। साथ ही 10 निर्माणाधीन अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों का निर्माण कार्य पूर्ण कर उनका संचालन किया जाना।

आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में अनुमंडल पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी के रिक्त पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई किया जाना।

मुझे विश्वास है कि राज्य सरकार की इन योजनाओं से पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लोगों का सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक स्तर सुदृढ़ होगा।

(हरि सहनी)

मंत्री

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण

विभाग, बिहार, पटना।

मनोज कुमार, भा.प्र.से.
सचिव
पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग
कल्याण विभाग,
बिहार सरकार, पटना

बिहार सरकार

संदेश

राज्य सरकार द्वारा राज्य के पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लोगों के सर्वांगीण विकास विशेषकर इस वर्ग के छात्र/छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति हेतु वित्तीय वर्ष 2007–08 में दिनांक–01.04.2007 के प्रभाव से पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का गठन किया गया है। विभागीय संकल्प संख्या–1697 एवं स्वीकृत्यादेश संख्या– 1698 दिनांक–02.10.2021 द्वारा विभाग अंतर्गत निदेशालय एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में पदाधिकारियों/कर्मियों के पदों के सृजन की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

राज्य सरकार द्वारा अन्य पिछड़े वर्ग के उत्थान हेतु वित्तीय वर्ष 2007–08 से (दिनांक–01.04.2007 से) पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को स्वतंत्र विभाग का दर्जा प्रदान किया गया। इस विभाग द्वारा इस वर्ग के छात्र/छात्राओं के सर्वांगीण विकास हेतु कई योजनाएँ संचालित की जा रही हैं।

इस वर्ग के छात्र/छात्राओं को विद्यालय स्तर की शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने हेतु प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति, उच्च शिक्षा (कक्षा 10वीं से ऊपर) के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति की व्यवस्था है। वित्तीय वर्ष 2008–09 से मुख्यमंत्री अत्यन्त पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना एवं वित्तीय वर्ष 2015–16 से मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना प्रारंभ की गयी हैं। उक्त योजनान्तर्गत अत्यन्त पिछड़ा वर्ग छात्र/छात्राओं एवं पिछड़ा वर्ग के छात्रों को माध्यमिक (10वीं) परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने के पश्चात् एकमुश्त रू0 10,000/– मात्र की वृत्तिका दी जाती है।

पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति प्रदान किये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 से राज्य योजना के तहत ''मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना'' प्रारंभ की गयी है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में योजनान्तर्गत अबतक कुल 56,18,656 छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में योजनान्तर्गत अबतक कुल राशि रू0 875.00 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 से राज्य के अन्दर अवस्थित सभी सरकारी एवं मान्यता प्राप्त गैर सरकारी संस्थानों में प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को छात्रवृति प्रदान करने हेतु पूर्ववर्ती केन्द्र प्रायोजित अन्य पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के स्थान पर राज्य योजना के तहत ''मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना–2023'' की स्वीकृति प्रदान की गयी है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में अबतक कुल 2,03,145 छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में राशि रू0 226.78 करोड़ की स्वीकृति दी गयी है।

मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना तथा मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजनाओं के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 में योजनान्तर्गत अबतक क्रमशः 1,09,331 छात्र/छात्राएँ तथा 77,069 छात्रों को लाभान्वित किया गया है।

वर्तमान में राज्य के अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए कुल 34 अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास निर्मित है। वर्तमान में राज्य के अन्य पिछड़े वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए 20 जिलों में 23 अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास संचालित की जा रही है।

जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना के अन्तर्गत सभी जिलों में 1–1 छात्रावास के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है। सभी जिलों में छात्रावास का निर्माण पूर्ण हो चुका है।

उपर्युक्त छात्रावासों में छात्र/छात्राओं को निःशुल्क आवासन के साथ–साथ मुख्यमंत्री छात्रावास अनुदान योजना के तहत प्रति छात्र/छात्रा प्रतिमाह रू0 1000/– एवं छात्रावास खाद्यान्न योजनान्तर्गत प्रतिमाह 15 किलो खाद्यान्न उपलब्ध करायी जाती है।

मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना के तहत वर्ष 2024–25 तक बिहार लोक सेवा आयोग (P.T) परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कुल 5958 अभ्यर्थियों को प्रति अभ्यर्थी रू0 50,000/– मात्र की दर से तथा संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा (P.T) परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले कुल 212 अभ्यर्थियों को प्रति अभ्यर्थी रू0 1,00,000/– मात्र की दर से लाभान्वित किया गया है। लाभान्वित अभ्यर्थियों में से बिहार लोक सेवा आयोग एवं संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा मुख्य परीक्षा में क्रमशः 911 अभ्यर्थी एवं 20 अभ्यर्थी सफल हुए हैं तथा अंतिम रूप से उक्त दोनों परीक्षाओं में क्रमशः 391 एवं 16 अभ्यर्थी चयनित हुए हैं।

वित्तीय वर्ष 2024–25 की उपलब्धियाँ एवं किये गये नये पहल निम्नरूपेण हैः–

वित्तीय वर्ष 2021–22 से राज्य में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन को सुगम बनाने हेतु निदेशालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों का गठन किया गया है। क्षेत्रीय कार्यालयों के लिए अनुमंडल पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी के कुल स्वीकृत 139 (एक सौ उनचालीस) पदों के विरूद्ध 130 पदाधिकारियों की नियुक्ति के उपरांत प्रशिक्षण की कार्रवाई पूर्ण करते हुए जिला/अनुमंडल में पदस्थापित किया गया है।

विभाग अन्तर्गत सभी छात्रावासों में छात्रावास प्रबंधक के सृजित कुल–91 पदों पर नियुक्ति हेतु बिहार तकनीकी सेवा आयोग को अधियाचना सामान्य प्रशासन विभाग के माध्यम से उपलब्ध करा दिया गया है।

सभी 38 जिलों में कुल 39 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय हेतु सीधी भर्ती से संबंधित 903 शैक्षणिक पदों के विरूद्ध अबतक कुल 561 शिक्षकों की नियुक्ति करते हुए पदस्थापन किया जा चुका है एवं शेष पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई की जा रही है।

सभी 38 जिलों में कुल 39 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है। अबतक 16 विद्यालय भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है एवं 23 निर्माणाधीन है। सभी नवनिर्मित आवासीय विद्यालयों में कम्प्यूटर प्रयोगशाला एवं स्मार्ट क्लास का अधिष्ठापन किया जा रहा है।

विभागीय संकल्प संख्या–1769 दिनांक–21.11.2024 के द्वारा सभी अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में बेहतर एवं सुदृढ़ सेवा प्रदान करने तथा आवश्यक सुविधाओं को उत्तम बनाने हेतु राज्य के सभी अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों में आवासित छात्राओं को भोजन (जलपान सहित) की व्यवस्था, पोशाक की आपूर्ति, विद्यालय परिसर की साफ–सफाई तथा वस्त्रों की धुलाई की सेवा का कार्य बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका) द्वारा संपोषित सामुदायिक संगठन के माध्यम से किये जाने की स्वीकृति दी गयी है।

बिहार कौशल विकास मिशन के द्वारा समस्तीपुर, दरभंगा, रोहतास, पूर्णियाँ एवं मुंगेर में कौशल प्रशिक्षण केन्द्र में 11वीं

कक्षा के छात्राओं को महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत भाषा कौशल, संवाद कौशल एवं बेसिक कम्प्यूटर ज्ञान का प्रशिक्षण दिये जाने हेतु सहमति दी गयी है।

अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना के अन्तर्गत अब सभी 38 जिलों को आच्छादित कर लिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024–25 में 06 जिलों यथा–नवादा, गोपालगंज, नालंदा, बक्सर, सहरसा एवं पूर्णियाँ में कुल 07 अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। नवादा जिला में दो छात्रावास (रजौली एवं बुधौल) का निर्माण किया गया है। वर्तमान में कुल 2175 आवासन क्षमता के विरूद्ध 2046 छात्र/छात्राएं नामांकित है।

वर्तमान में सभी संचालित 38 प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्रों में कुल–4560 छात्र/छात्रा नामांकित है। वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23 तथा 2023–24 में उक्त केन्द्रों में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं में से क्रमशः 289, 310 तथा 230 अर्थात कुल–829 छात्र/छात्रा संबंधित प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफल हुए हैं।

मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण योजनान्तर्गत स्वीकृत सभी दस केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान में कुल 1200 नामांकन क्षमता के विरूद्ध कुल 1035 छात्र/छात्राएं नामांकित है। वित्तीय वर्ष 2022–23 तथा 2023–24 में क्रमशः 62 तथा 81 अर्थात कुल–143 छात्र/छात्रा मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केन्द्रों से सफल हुए है।

आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 में नवनिर्मित 520 आवासन वाले 11 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों का संचालन एवं नव निर्मित भवन में आवश्यक संसाधन की उपलब्धता सुनिश्चित कराना है। आगामी वित्तीय वर्ष 2025–26 में 10 निर्माणाधीन अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालयों का निर्माण कार्य पूर्ण कर उनका संचालन किया जाना एवं आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में अनुमंडल पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण पदाधिकारी के रिक्त पदों पर नियुक्ति की कार्रवाई करना है।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित इन प्रगतिशील योजनाओं के कार्यान्वयन से बिहार राज्य के पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के लोगों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक विकास की गति तीव्र होगी एवं इस वर्ग के लोगों का सर्वांगीण विकास संभव हो सकेगा एवं समाज में उनकी भागीदारी बढ़ेगी।

(मनोज कुमार)
सचिव।

बिहार सरकार
पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का बजट

(राशि ₹ लाख में)

वित्तीय वर्ष 2025–26	स्वीकृत योजना उद्व्यय
राज्य स्कीम	176528.00
केन्द्र प्रायोजित स्कीम (केन्द्रांश)	13172.00
केन्द्र प्रायोजित स्कीम (राज्यांश)	300.00
कुल योग :–	190000.00

क्र0 सं0	मद का नाम	बजट		
		2024–25	वर्ष 2024–25 (पुनरीक्षित)	वर्ष 2025–26 (प्रस्तावित राशि)
1	2	3	4	5
	राज्य स्कीम			
1	उच्च विद्यालय छात्रवृत्ति (197 ब्लॉक पंचायत)	10400.00	10400.00	10400.00
2	प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय छात्रवृत्ति (198 ग्राम पंचायत)	19900.00	19900.00	19900.00
3	उच्च विद्यालय छात्रवृत्ति (277 शिक्षा)	56768.00	56768.00	57764.00
4	प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय छात्रवृत्ति (277 शिक्षा)			
5	मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना	25000.00	25000.00	23500.00
6	मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना	2000.00	2000.00	2000.00
7	मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास अनुदान योजना	936.00	936.00	840.00
8	प्री–मैट्रिक/पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति मोनेटरिंग/प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र योजना/कौशल विकास योजना/ मशीन एवं उपस्कर	2500.00	2500.00	3700.00
9	मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना।	12700.00	16218.00	14500.00
10	मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना।	10700.00	16217.70	13149.80
11	प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण केन्द्र/मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केन्द्रों के छात्र/छात्राओं को प्रोत्साहन राशि		489.60	349.20
12	जननायक कर्पूरी ठाकुर अत्यंत पिछड़ा वर्ग कल्याण छात्रावास योजना।	500.00	500.00	25.00
13	आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास भवनों का निर्माण, परिसर विकास, चहारदीवारी, जीर्णोद्धार	30000.00	58700.00	30000.00
14	आवासीय विद्यालय छात्रावास आदि भवनों का अनुरक्षण एवं मरम्मत	200.00	398.10	200.00
15	आवासीय विद्यालयों/छात्रावास भवनों में पेयजल आपूर्ति अधिष्ठापन	0.00	0.00	100.00
16	बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम	0.00	1045.00	100.00
	योगः– (राज्य स्कीम)	**171604.00**	**211072.40**	**176528.00**
	केन्द्र प्रायोजित स्कीम (केन्द्रांश)			
1	पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (60:40)	11999.99	11999.99	12000.00
2	प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति (60:40)	0.01	0.01	1.00
3	छात्रावास निर्माण (60:40/90:10)	1170.00	1170.00	1170.00
4	डा० अम्बेदकर प्री–मैट्रिक/पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (अनधिसूचित घूमन्तू, अर्द्धघूमन्तू जनजाति के विकास के लिए) (60:40)	15.00	15.00	1.00
	योगः–(केन्द्रांश)	**13185.00**	**13185.00**	**13172.00**
	केन्द्र प्रायोजित स्कीम (राज्यांश)			
1	पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति (60:40)	0.00	0.00	0.01
2	प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति (60:40)	2489.00	2489.00	0.01
3	छात्रावास निर्माण (60:40/90:10)	570.00	570.00	299.98
4	डा० अम्बेदकर प्री–मैट्रिक/पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना (अनधिसूचित घूमन्तू अर्द्धघूमन्तू जनजाति के विकास के लिए) (60:40)	5.00	5.00	0.00
	योगः– (राज्यांश)	**3064.00**	**3064.00**	**300.00**
	कुल योग :–	**187853.00**	**227321.40**	**190000.00**

स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय

(राशि ₹ लाख में)

क्र0सं0	मद का नाम	2024–25	वर्ष 2024–25 (पुनरीक्षित)	वर्ष 2025–26 (प्रस्तावित राशि)
1	मुख्यालय स्थापना	659.82	719.42	772.31
2	परीक्षा शुल्क प्रतिपूर्ति	25.00	25.00	25.00
3	छात्रावासों का संधारण	1095.01	1533.70	1912.68
4	+2 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय उच्च विद्यालय का संधारण	5941.56	6758.65	9512.92
5	निदेशालय स्थापना	140.79	140.79	146.83
6	क्षेत्रीय स्थापना	3214.43	3312.66	6728.47
7	विभागीय मुख्यालय का आधुनिकीकरण रख–रखाव एवं मरम्मत		177.53	10.00
	योग–	**11076.61**	**12667.75**	**19108.21**
	कुल योग (स्कीम + स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय)	**198929.61**	**239989.15**	**209108.21**

राज्य स्कीम के अन्तर्गत आवासीय विद्यालय एवं छात्रावास भवनों का निर्माण, परिसर विकास, चहारदीवारी, जीर्णोद्धार मद में प्रस्तावित राशि ₹30000.00 लाख (रू0 तीन सौ करोड़) मात्र तथा आवासीय विद्यालय, छात्रावास आदि भवनों का अनुरक्षण एवं मरम्मती मद में प्रस्तावित राशि रू0 200.00 लाख (रू0 दो करोड़) मात्र का बजट प्रावधान भवन निर्माण विभाग के मांग संख्या–03 के अन्तर्गत प्रस्तावित है। छात्रावासों एवं आवासीय विद्यालयों में पेयजल आपूर्ति अधिष्ठापन हेतु प्रस्तावित राशि रू0 100.00 लाख (एक करोड़) मात्र का बजट प्रावधान लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के मांग संख्या–36 के अंतर्गत प्रस्तावित है।

स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय के तहत विभागीय मुख्यालय का आधुनिकीकरण, रख–रखाव एवं मरम्मत मद में प्रस्तावित राशि रू0 10.00 लाख (रू0 दस लाख) मात्र का बजट प्रावधान भवन निर्माण विभाग के मांग संख्या–03 के अन्तर्गत प्रस्तावित है।

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का वर्ष 2024–25 की उपलब्धि एवं वित्तीय वर्ष 2025–26 का लक्ष्य

परिचय :–

पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण विकास हेतु राज्य सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2007–08 में पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का गठन किया गया है।

विभागीय संकल्प संख्या–1697, दिनांक–02.10.2021 एवं विभागीय स्वीकृत्यादेश संख्या–1698, दिनांक–02.10.2021 द्वारा विभाग अंतर्गत निदेशालय के गठन हेतु पदाधिकारियों/कर्मियों के 26 पदों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में पदाधिकारियों/कर्मियों के 420 पदों सहित कुल 446 पदों के सृजन की स्वीकृति स्थापना एवं प्रतिबद्ध व्यय के अंतर्गत प्रदान की गयी है।

विभाग के विषय :–

मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग की अधिसूचना संख्या–मं0मं0–01/आर0–02/2007–602 दिनांक– 20.03.2007 द्वारा बिहार कार्यपालिका नियमावली, 1979 में संशोधन करते हुए निम्नलिखित विषयों का कार्यान्वयन एवं अनुश्रवण करने हेतु पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग को नोडल विभाग बनाया गया है :–

1. अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों को वृत्तिका प्रदान करना।
2. अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों को पुस्तकें एवं उपसाधनों के लिए अनुदान।
3. अति पिछड़ा वर्ग के सदस्यों के विकास के लिए उन्हें ऋण उपलब्ध कराना।
4. अति पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए छात्रावास खोलना एवं उनका प्रबंधन करना।
5. अति पिछड़ा वर्ग के लिए सहकारी समितियों का गठन।
6. अति पिछड़ा वर्ग के फायदे के लिए काम करने वाली शैक्षिक तथा सांस्कृतिक संस्थाओं को सहायक अनुदान।
7. पिछड़ा वर्ग के छात्रों को वृत्तिका प्रदान करना।
8. पिछड़ा वर्ग के छात्रों को पुस्तकें एवं उपसाधनों के लिए अनुदान।
9. पिछड़ा वर्ग के सदस्यों के विकास के लिए उन्हें ऋण उपलब्ध कराना।
10. पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए छात्रावास खोलना एवं उनका प्रबंधन करना।
11. पिछड़ा वर्ग के लिए सहकारी समितियों का गठन।
12. पिछड़ा वर्ग के फायदे के लिए काम करने वाली शैक्षिक तथा सांस्कृतिक संस्थाओं को सहायक अनुदान।
13. पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग के लिए विशेष गृह–निर्माण योजनाएँ।
14. बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम।

मुख्य योजनाएँ:–

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधीन मुख्य रूप से पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं के लिए (1) मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, (2) मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना–2023, (3) मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना, (4) मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना, (5) परीक्षा शुल्क प्रतिपूर्त्ति, (6) अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, (7) जननायक कर्पूरी ठाकुर छात्रावास योजना, (8) अन्य पिछड़ा वर्ग छात्रावास योजना, (9) मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना, (10) मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग छात्रावास अनुदान योजना (11) छात्रावासों में खाद्यान्न आपूर्ति योजना, (12) प्राक् परीक्षा प्रशिक्षण योजना, (13) मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कौशल विकास योजना, (14) मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण योजना आदि योजनाएँ संचालित हैं।

अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, सहरसा

योजनाओं का विस्तृत विवरणी एवं उपलब्धियाँ :–

पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने एवं उनके सर्वांगीण विकास हेतु चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत विवरणी इस प्रकार है:–

1. मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना :–

अन्य पिछड़ा वर्ग प्री–मैट्रिक(विद्यालय) छात्रवृत्ति योजना के अन्तर्गत राज्य के सरकारी, सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त तथा स्थापना प्रस्वीकृत विद्यालयों में वर्ग– 1 से 10 तक अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति राशि का भुगतान किया जाता था।

वित्तीय वर्ष 2022–23 से राज्य योजना के तहत राज्य के सरकारी विद्यालय, सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त तथा स्थापना प्रस्वीकृत विद्यालयों में कक्षा– 1 से 10 तक अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु ''मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना'' के संचालन एवं दिशा–निर्देश तथा योजना का संचालन शिक्षा विभाग के माध्यम से कराने की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजनान्तर्गत छात्रवृत्ति का भुगतान निम्नांकित दर पर एकमुश्त किए जाने का प्रावधान है:–

क्र0 सं0	वर्ग	छात्रवृत्ति की दर (वार्षिक)
1	कक्षा–I से IV	रू 600/–
2	कक्षा–V से VI	रू0 1200/–
3	कक्षा–VII से X	रू0 1800/–
4	कक्षा I से X तक (छात्रावासी)	रू0 3000/–

योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में कुल 71,72,033 छात्र/छात्राओं के बीच कुल राशि रू0 8,09,77,06,800/– वितरित की गयी है। वित्तीय वर्ष 2023–24 में अबतक 56,18,656 छात्र/छात्राओं को लाभान्वित किया गया है।

अन्य पिछड़ा वर्ग प्री–मैट्रिक (विद्यालय) छात्रवृत्ति योजना अन्तर्गत विगत वर्षों में स्वीकृत/आवंटित राशि एवं लाभान्वितों की विवरणीः–

क्र० सं०	वित्तीय वर्ष	स्वीकृत/आवंटित राशि (₹ लाख में)			लाभान्वित छात्र/छात्राओं की संख्या
		राज्य योजना	केन्द्र प्रायोजित (50:50) योजना	योग	
1	2006–07	1622.00	200.00	1822.00	3,16,594
2	2020–21	106595.00	2390.00	108985.00	1,00,98,515
3	2021–22*	188773.17	1669.00	190442.17	98,43,517
4	2022–23	101400.00	6331.00	107731.00	71,72,033
5	2023–2024	92700.00	00	92700.00	56,18,656**
6	2024–2025	87500.00	00	87500.00	–

* वर्ष 2020–21 में वंचित छात्र/छात्राओं के लिए स्वीकृत राशि सम्मिलित है।

** वितरण प्रक्रिया जारी है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 से राज्य योजना के तहत प्रारंभ की गयी "मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्री–मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना" के तहत वित्तीय वर्ष 2024–25 में अबतक ₹ 87500.00 लाख की स्वीकृति दी गयी है तथा इस योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए कुल ₹ 88064.00 लाख उद्व्यय का प्रावधान किया गया है।



कक्षा–09 में अध्ययनरत छात्राएँ

2. मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना–2023:–

इस योजना के तहत वर्ग–11 एवं उच्चतर कक्षा तथा डिप्लोमा/डिग्री स्तर का मेडिकल/इंजीनियरिंग/ प्रबंधन एवं अन्य प्रवेशिकोत्तर कोर्सों में अध्ययनरत अन्य पिछड़े वर्गों के छात्र/छात्राओं को निर्धारित दर पर प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

वित्तीय वर्ष 2022–23 से राज्य के अन्दर अवस्थित सभी सरकारी एवं मान्यता प्राप्त गैर सरकारी संस्थानों में प्रवेशिकोत्तर पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान करने हेतु पूर्ववर्ती केन्द्र प्रायोजित अन्य पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना के स्थान पर राज्य योजना के तहत ''मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना–2023'' के संचालन एवं दिशा–निर्देश तथा योजना का संचालन शिक्षा विभाग के माध्यम से कराने तथा विभागीय संकल्प संख्या–1385, दिनांक–25.08.2021 द्वारा स्वीकृत ''मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना'' को वित्तीय वर्ष 2022–23 से विलोपित किये जाने की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्रा, जिनका स्वयं की आय सहित माता–पिता /अभिभावक की सभी स्रोतों से वार्षिक आय रु0 3,00,000/– (रु0 तीन लाख) मात्र रुपए से अधिक नहीं हो, इस योजना के तहत छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे।

विगत वर्षों में स्वीकृत/आवंटित राशि एवं लाभान्वितों की विवरणीः–

क्र० सं०	वित्तीय वर्ष	स्वीकृत/आवंटित राशि (₹ लाख में)			लाभान्वित छात्र/छात्राओं की संख्या
		राज्य योजना	केन्द्र प्रायोजित (100%) योजना	योग	
1	2009–10	1000.00	1522.00	2522.00	75,483
2	2020–21	20265.00	5699.00	25964.00	3,05,614
3	2021–22*	40265.00	6891.00	47156.00	5,02,507
4	2022–23	20038.75	9171.00**	29209.75	2,72,130
5	2023–24	25205.00	–	25205.00	2,05,774
6	2024–25	22678.00	–	22678.00	

* वर्ष 2020–21 में वंचित छात्र/छात्राओं के लिए स्वीकृत राशि सम्मिलित है।

** राशि की स्वीकृति वित्तीय वर्ष 2021–22 एवं पूर्व के वर्षों के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना हेतु की गयी है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग प्रवेशिकोत्तर छात्रवृत्ति योजना 2023 हेतु ₹ 23500.00 लाख उद्व्यय का प्रावधान किया गया है।



माननीय विभागीय मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित राज्यस्तरीय समीक्षा बैठक

3. मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना :–

राज्य सरकार द्वारा अत्यंत पिछड़े वर्गों के छात्र/छात्राओं को शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं उन्हें उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वित्तीय वर्ष 2008–09 से मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना का संचालन किया जा रहा है।

इस योजना के अंतर्गत बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित माध्यमिक (10वीं) परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने वाले बिहार राज्य में स्थायी रूप से निवास करने वाले अत्यन्त पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को प्रति छात्र/छात्रा ₹10,000/– (रूपए दस हजार) मात्र एकमुश्त वृत्तिका दी जाती है।

इस योजनान्तर्गत विभिन्न वर्षों में व्यवहृत राशि एवं लाभान्वित छात्र/छात्राओं की संख्या निम्नवत है :–

वर्ष	स्वीकृत/आवंटित राशि (राशि लाख ₹ में)	लाभान्वित छात्र/छात्राओं की संख्या
2008–09	1067.00	10,670
2020–21	13845.00	1,06,143
2021–22	26569.60*	1,01,503**
2022–23	11334.00	1,04,374
2023–24	13271.60	1,04,986
2024–25	16218.00	1,09,331***

* वित्तीय वर्ष 2020–21 में वंचित छात्र/छात्राओं के लिए स्वीकृत राशि सम्मिलित है।
** वित्तीय वर्ष 2021–22 में आवंटित राशि से लाभान्वितों की संख्या।
*** वित्तीय वर्ष 2024–25 में वितरण प्रक्रिया जारी है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री अत्यंत पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना के अन्तर्गत ₹14500.00 लाख उद्व्यय का प्रावधान किया गया है।



4. मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना :–

राज्य सरकार द्वारा पिछड़ा वर्ग के छात्रों को शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने, उन्हें उच्च शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उन्हें आगे की पढ़ाई जारी रखने हेतु वित्तीय वर्ष 2015–16 से मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना प्रारंभ की गई है।

इस योजनान्तर्गत बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना द्वारा आयोजित माध्यमिक (10वीं) परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण करने वाले एवं बिहार राज्य में स्थायी रूप से निवास करने वाले पिछड़ा वर्ग के वैसे छात्र, जिनकी वार्षिक पारिवारिक आय ₹1,50,000/– (रूपए एक लाख पचास हजार) मात्र तक या इससे कम हो, को प्रति छात्र ₹10,000/– मात्र एकमुश्त

वृत्तिका दी जाती है। पिछड़ा वर्ग की छात्राओं को यह राशि शिक्षा विभाग द्वारा दी जाती है।

इस योजनान्तर्गत स्वीकृत/आवंटित राशि एवं लाभान्वित छात्रों की संख्या निम्नवत है:–

वर्ष	स्वीकृत/आवंटित राशि (राशि लाख रू0 में)	लाभान्वित छात्रों की संख्या
2015–16	6747.90	59,342
2020–21	8455.00	75,553*
2021–22	19130.40*	75,086**
2022–23	9585.70	81,598
2023–24	9987.10	75,487
2024–25	16217.70	77,069***

* वित्तीय वर्ष 2020–21 में वंचित छात्र/छात्राओं के लिए स्वीकृत राशि सम्मिलित है।
** वित्तीय वर्ष 2021–22 में आवंटित राशि से लाभान्वितों की संख्या।
*** वित्तीय वर्ष 2024–25 में वितरण प्रक्रिया जारी है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग मेधावृत्ति योजना के अन्तर्गत ₹13149.80 लाख उद्व्यय का प्रावधान किया गया है।



5. परीक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति :–

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्र/छात्राओं को बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की माध्यमिक परीक्षा के लिए परीक्षा शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाती है, जिसके निमित्त विभिन्न वित्तीय वर्षों में निम्नलिखित राशि जिला पिछड़ा एवं अति पिछडा वर्ग कल्याण पदाधिकारी, पटना को आवंटित की गई है:–

क्रमांक	वित्तीय वर्ष	आवंटित राशि (₹ लाख में)
1	2006–07	5.50
2	2007–08	10.00
3	2008–09	10.00
4	2009–10	20.00

वित्तीय वर्ष 2010–11 से 2024–25 तक परीक्षा शुल्क प्रतिपूर्ति योजना के अन्तर्गत प्रति वित्तीय वर्ष ₹ 25.00 लाख राशि का बजटीय प्रावधान करते हुए राशि आवंटित किया गया है। वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए योजनान्तर्गत ₹ 25.00 लाख उद्व्यय प्रावधान किया गया है।

6. अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय :–

पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अधीन वर्तमान में पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग के छात्राओं के लिए पूर्व से 11 जिलों में 12 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय संचालित थी, जिनमें वर्ग–6 से 12 तक की कक्षाएँ संचालित की जाती हैं। राज्य सरकार के द्वारा सभी जिलों में 520 आवासन वाले अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय संचालित करने की सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान किये जाने के आलोक में पूर्व से 11 जिलों में संचालित कुल 12 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय के अतिरिक्त वित्तीय वर्ष 2023–24 से शेष 27 जिलों में भी 1–1 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय का संचालन शुरू किया गया है। सभी अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय का स्वीकृत छात्रबल प्रति विद्यालय 520 है। वर्तमान में कुल 5770 छात्राएँ अध्ययनरत हैं। अबतक 37 जिलों में 520 आवासन वाले कुल–38 अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति दी जा चुकी है । 15 आवासीय विद्यालय भवनों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। दरभंगा जिला में 280 आवासन वाले आवासीय विद्यालय भवन निर्मित है। शेष जिलों में निर्माण कार्य प्रक्रियाधीन है। उक्त आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं को निःशुल्क शिक्षा के साथ–साथ निःशुल्क आवासन, भोजन, पाठ्यपुस्तक, वस्त्र आदि प्रदान किया जाता है।

